हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 नवंबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 जिले में बाल विवाह होने पर कार्रवाई कर संबंधितों पर...



07 नाली और सड़क निर्माण के लिए डीएम व नपाध्यक्ष...



## खबर संक्षेप में

### 6 वाहन चालकों पर 15500 रुपए की चालानी कार्रवाई की

**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी जया बसवा के नेतृत्व में परिवहन एवं यातायात विभाग के संयुक्त दल ने सोमवार को सुसनेर में स्कूली बसों एवं अन्य वाहन की सघन चैकिंग की और कमी पाए जान पर 6 वाहनों पर 15 हजार 500 रुपए की चालानी कार्रवाई की। संयुक्त दल की जांच के दौरान स्कूल बस में आपातकालीन खिड़की पर सीट लगी पाई जाने पर तत्काल यथास्थान से हटवाया गया और फर्स्ट एड बॉक्स में दवाईयों की जांच की गई। आपातकालीन खिड़की एव अन्य बिंदुओं पर वाहनों की जांच करवाई। बस चालकों को वर्दी पहनने, बसों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने, ओवरलोडिंग न करने, ज्वलनशील पदार्थ न ले जाने की हिदायत दी गई। स्कूल बस संचालकों को निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट की गाईड लाईन के अनुसार बसों में व्यवस्था रहें। निधारित दस्तावेज पूर्ण होने पर ही अपने वाहन मार्ग पर संचालित करें। साथ ही क्षेत्र में संचालित होने वाली अन्य वाहनों के चैक कर वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी वाहनों के संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण रखें दस्तावेज पूर्ण नही पाए जाने पर दंडात्मक चालानी कार्यवाही की जाएगी। परिवहन विभाग द्वारा मार्ग पर वाहनों की चैकिंग कार्यवाही जारी रहेगी।

### जिले में नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पर्यावरण संरक्षण, जनसुरक्षा और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है और आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिन किसानों को अपने खेतों की जुताई करनी है, वे रोटावेटर या अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर अवशेषों को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आदेशानुसार नरवाई जलाने वाले जिन किसानों की भूमि दो एकड़ से अधिक तथा पांच एकड़ से कम है, उन्हें प्रति घटना पाँच हजार का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा।

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक

# एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाएं, इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

#### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, एन्यूमरेशन फार्म वितरण कार्य में तेजी लाएं, फार्म प्रिंट एवं वितरण में गेप नहीं रहे। बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर फार्म वितरित करने के साथ ही भरे हुए फार्म प्राप्त कर अपलोड करने की कार्यवाही करें। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म समय पर वितरित करें, आरओ और एआरओ एसआईआर प्रक्रिया की मॉनिटरिंग करें, बीएलओ और सुपरवाईजर से कार्य समय पर पूर्ण करवाएं, इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके, सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेम नारायण परमार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि संबंधित शाखाएं शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें। 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों पर तहसीलदार आवश्यक कार्यवाही कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करें। स्वास्थ्य विभाग को अपनी ग्रेडिंग में सुधार लाकर ए ग्रेड में आने के निर्देश दिये। राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें जाति प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री सहायता, सीमांकन, रास्ता विवाद आदि का शीघ्र एवं संतुष्टि पूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने डी ग्रेड में रहने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में गति लाएं, शिकायतकर्ताओं से बात कर शिकायतों का निराकरण करें। कोई भी शिकायत अधिक दिनों तक लंबित न रहे। उन्होंने कहा कि समाधान ऑनलाईन के विषयों से संबंधित शिकायतों को सभी विभाग प्राथमिकता देकर निराकरण करें, जिसमें विशेषकर सड़क मरम्मत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राशि भुगतान एवं पंजीयन से जुड़ी शिकायतें लंबित न रहें। किसी भी विभाग की शिकायत समाधान ऑनलाईन में न आएं, यह सुनिश्चित करें। फसल मुआवजा वितरण से संबंधित शिकायतों में कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राही को शीघ्र राशि प्राप्त हो, ऐसी शिकायतें अनावश्यक लम्बित न रहें। कलेक्टर ने फार्मर आईडी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी पात्र कृषकों का पंजीयन समय पर पूर्ण हो।

कलेक्टर ने कहा कि आरटीओ एवं यातायात विभाग संयुक्त रूप से स्कूल बसों की जांच अभियान जारी रखें। नियम विरूद्ध संचालित बसों पर चालानी कार्यवाही की जाएं। सीएमओ, नगर पालिका आगर को निर्देशित किया कि छावनी चौराहा पर पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त रखें, मॉल में पार्किंग व्यवस्था है, या नहीं देखें, अन्यथा नोटिस एवं सील करने की कार्यवाही की जाए। इस प्रकार मालीखेड़ी रोड़ पर बैंक के सामने पार्किंग व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे सभी प्रकरण लंबित न रहें।

#### किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद मिले

खाद उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी लेकर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में रबी सीजन के लिए पर्याप्त खाद की व्यवस्था रखें, खाद वितरण में अनिमियतता न हो किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद मिलें, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों को टीएल मार्क की है, वे जनआकांशा पोर्टल के माध्यम से निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइलों का त्वरित निपटान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

# नलखेड़ा पुलिस ने 2 लाख की अवैध शराब की बरामद



**नलखेड़ा।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक खंडहर पड़ी गौशाला से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। यह कार्रवाई नलखेड़ा थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर की गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि ग्राम दमदम में स्थित एक पुरानी पड़ी गौशाला में अवैध रूप से शराब रखी गई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गौशाला की तलाशी ली। जांच के दौरान गौशाला के एक कमरे के बाहर ताला बंद मिला। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर देखा तो वहां बड़ी मात्रा में शराब रखी हुई थी। तलाशी में पुलिस को 48 पेटी देसी शराब और 11 पेटी बियर मिली, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से अवैध शराब जब्त कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि खंडहर गौशाला में यह शराब किसने रखी और इसका परिवहन या तस्करी कौन कर रहा था। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है ताकि शराब तस्करी के इस नेटवर्क के बारे में जानकारी मिल सके। ग्रामीणों ने बताया कि यह गौशाला पहले उपयोग में थी, लेकिन अब खंडहर होकर लावारिस अवस्था में पड़ी है, जहां कोई गाय या पशु नहीं है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# स्वर्णकार समाज ने सामूहिक बाना कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाजजनों ने सामूहिक बाना कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नवंबर व दिसंबर माह में समाज की जिन बालिकाओं का विवाह संपन्न होने जा रहा है उनको समाज की महिलाओं द्वारा हार फूल माला पहना कर सभी कन्याओं की चावल पताशे से गोदी भरकर मिठाई खिलाई गई तथा स्नेह भोज के साथ आशीर्वाद प्रदान किया।




स्थानीय स्वर्णकार समाज के कई परिवारों में इस माह नवम्बर और दिसम्बर में कन्याओं का शुभ विवाह संपन्न होने जा रहा है। जिसमें नंदनी चतुर्भुज सोनी, कीर्ति दीपक सोनी, मुस्कान सुरेश सोनी, माही गोपाल सोनी, शीतल ओम सोनी, आरती श्याम सोनी का विवाह संस्कार संपन्न होगा। इस अवसर पर वर्षो पुरानी परंपरा को निभाते हुए समाज के कुछ सदस्यों व आयोजक हीरालाल सोनी, राधेश्याम सोनी, कृष्णदास सोनी,विष्णु सोनी, अशोक सोनी, ताराचंद सोनी, दिलीप सोनी, अनिल सोनी, ऋतुराज सोनी, दिलीप सोनी द्वारा सामूहिक बाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाना कार्यक्रम में सभी कन्याओं को स्टेज पर बैठा कर समाज की महिलाओं द्वारा हार फूल माला पहना कर कन्याओं की चावल पताशे से गोदी भर कर मिठाई खिलाई गई। विवाह बंधन में बंधने जा रही सभी कन्याओं को आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगो का सामुहिक भोज आयोजन भी हुआ। वर्तमान युग ओर नई परम्परों के चलते वर्षो पुरानी प्रथा विलुप्त होती जा रही है। वहीं स्वर्णकार समाज नलखेड़ा के आयोजकों द्वारा इस प्रकार सामुहिक बाना कार्यक्रम का आयोजन कर समाज मे पुनः एक अच्छा संदेश दिया है।

# भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री पहुंचीं मां के दरबार

### स्वर्णकार समाजजनों ने किया स्वागत-सम्मान

**नलखेड़ा।** सोमवार को भाजपा की प्रदेश मंत्री संगीता सोनी मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन किया गया। दर्शन पूजन उपरांत परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान किया। हवन अनुष्ठान के बाद संगीता सोनी श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचीं जहां उन्होंने महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर प्रदेश मंत्री का भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संगीता सोनी सिद्धपीठ पर दर्शन पूजन उपरांत चौक बाजार स्थित सोनी समाज के श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंची जहां स्वर्णकार समाज द्वारा उनका स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।





#### अभिनेत्री नयनतारा मां बगलामुखी के दरबार पहुंचीं



रविवार रात्रि को दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के पुजारी ने नयनतारा को माता रानी की चुनर ओढाई गई। अभिनेत्री नयनतारा के सिद्धपीठ पहुंचने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंच गए थे।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें।

# भाजपा नगर मंडल ने मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में रविवार को भाजपा कार्यालय में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि निर्वाचन आयोग के द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान लोकतंत्र को सशक्त करेंगा। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा का स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सन्नी महाजन, रवि नागले, धर्मेन्द्र राठौर, मोहन चौरसिया, राजेन्द्र राजपूत आदि शामिल थे।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रत्येक मतदाता के नाम, पते और पहचान का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को लोकतंत्र को सशक्त करने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहाकि नगर मंडल में 92 बूथ है, इसके लिए कार्यकर्ताओं की कार्यशाला में ट्रेनिंग ली गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में हिस्सा लें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए।

### मैराथन के बाद आवासीय खेलकूद विद्यालय में लोगों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया

# मैराथन दौड़ के माध्यम से स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

रविवार को रोटरी क्लब सीहोर, इनर व्हील क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में नगरवासियों, युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह शहर के इंदौर नाके के आगे एसआर विहार से विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, तथा रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विपुल चांडक, नेहा विजयवर्गीय द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं रैली का समापन शहर के आवासीय विद्यालय भोपाल नाके पर किया गया। करीब पांच किलोमीटर तक चली इस भव्य मैराथम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। वहीं क्लब और रेडक्रास के द्वारा नपाध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया।

मैराथन के पश्चात आवासीय खेलकूद विद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी टीम द्वारा नागरिकों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसका निर्देशन डॉ. सुमित बामनिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में लगभग हजारों लोग उपस्थित रहे। रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, तथा रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विपुल चांडक, नेहा विजयर्गीय द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं विजेताओं की घोषणा की गई। मैराथन फेस्टीवल में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्काउट गाइड, विद्यार्थियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ इंदौर नाके के आगे से आरंभ हुई और भोपाल नाके स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते में लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



#### स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर अभियान

रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने कहाकि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य के लिए मैराथन जागरूकता का प्रतीक है क्योंकि यह शारीरिक फिटनेस, सहनशक्ति और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देता है, साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों जैसे कि कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य, किडनी स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाता है।

मैराथन सिर्फ दौड़ने से कहीं अधिक है, यह समर्पण, विपरीत परिस्थितियों पर विजय पाने और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का एक मंच है। यह मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं रहा, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक एकता और युवा ऊर्जा का प्रेरणादायक संदेश बनकर शहर के इतिहास में दर्ज हो गया।

#### विजेताओं के नाम

**2.5 किलोमीटर श्रेणी**
1. 1297 अंकित वर्मा - गिफ्ट हैम्पर
2. 3069 विनय प्रताप - गिफ्ट हैम्पर
3. 3129 राकेश वर्मा - गिफ्ट हैम्पर

**5 किलोमीटर श्रेणी (बॉयज़)**
1. 1168 शिवम सिंह तोमर - साइकिल + गिफ्ट हैम्पर
2. 2559 जीतू गुर्जर-साइकिल + गिफ्ट हैम्पर
3. 1156 धीरज यादव - गिफ्ट हैम्पर

**5 किलोमीटर (बालिका वर्ग)**
1. 2601 बुशरा खान - गिफ्ट हैम्पर
2. 2562 गरिमा यादव - गिफ्ट हैम्पर
3. 2512 ईशा पटेल - गिफ्ट हैम्पर

## खबर संक्षेप

### समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत दिव्यांग शिविर किया आयोजित



**बागली।** समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत बागली द्वारा स्व.कैलाश जोशी महाविद्यालय प्रांगण में दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें अस्थिबाधित, श्रवण बाधित, मानसिक निःशक्त एवं दृष्टि बाधित चिकित्सकों द्वारा 1 से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं एवं बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए।अस्थि बाधित 16,दृष्टि बाधित 05, मानसिक निःशक्त 02 का परीक्षण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में डॉ. देवेश पांडे अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. कमल किशोर नाक/कान/गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रकृति ललवानी, मानसिक निःशक्त विशेषज्ञ, दृष्टि बाधित डॉ. मनीषा मिश्रा द्वारा परीक्षण किया गया।जनपद पंचायत बागली से दिव्यांग शिविर प्रभारी कौशल जोशी, व्यवस्थापक गुलजारीलाल बाथरी, आशीष शर्मा,मेहरबान सिंह गुनाया,राहुल धंधारे, राहुल अंगोरिया, गोपाल पंचोली,रामचरण विश्वकर्मा, परसराम अलावा, कमल किशोर पंवार, संतोष सोलंकी, गजराज मालवीय, समग्र शिक्षा से प्रफुल्ल द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# जिले में बाल विवाह होने पर कार्रवाई कर संबंधितों पर एफआईआर कराएंः कलेक्टर

**एसआईआर कार्य में दो दिन में फार्म का वितरण कर बीएलओ एप पर जानकारी अपलोड करें।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी एस.ए. सिद्धिकी, सीडीपीओ, सुपवाईजर, सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले के पात्र हितग्राहियों तक आँगनवाड़ी सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी संबंधित लोगों तक ये सेवाएं अनिवार्य रूप से पहुँच सकें। सिंह ने निर्देश दिये कि आंगनवाडी कार्यकर्ता बस्तियों में जाकर सामूहिक बैठके लें। बाल विवाह नहीं करने के लिए नागरिकों को जागरूक करें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिये कि जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होना चाहिए।

बाल विवाह होने पर कार्यवाही कर संबंधितों पर एफआईआर कराये। सभी फिल्ड पर अधिक समय दें। विभागीय पोषण ट्रेकर एप की समीक्षा कर निरन्तर आँकड़ों को अपडेट करने तथा हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में आंगनवाडी कार्यकर्ता को भी बीएलओ बनाया गया है। निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) बुहत महत्वपूर्ण कार्य है, सभी आंगनवाडी कार्यकर्ता बीएलओ का कार्य अच्छे से करें। सभी बीएलओ को फार्म उपलब्ध करा दिये गये है। दो दिन में फार्म का वितरण करना सुनिश्चित कर बीएलओ एप पर भी जानकारी अपलोड करें।

आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा गतिविधियों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को नियमित रूप से नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराये। जिले में आंगनवाड़ी समय पर खुले इसका विशेष ध्यान रखे। आंगनवाड़ी केन्द्रों में नाश्ता और भोजन एक साथ नहीं दें। सुपरवाइजर आंगनवाड़ी केन्द्रों को औचक निरीक्षण भी करें। उन्होंने निर्देश दिये कि लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक में समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में कलेक्टर ने वन स्टॉप सेंटर, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर, सेम और मेम बच्चें, पीएम मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पोषण योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिये। सिंह ने पोषण ट्रेकर डेश बोर्ड की समीक्षा कर हितग्राहियों के आधार सत्यापन और फेस कैप्चर की जानकारी भी ली।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर विधायक कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**तैयारियां समय रहते पूर्ण करने दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में 13 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के देवास में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर देवास विधायक गायत्री राजे पवार और कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, लोकार्पण, भूमिपूजन, हितलाभ वितरण सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर सिंह ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें और सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करें।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में कोई कमी न रखें। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर आवागमन, बैठक की उचित व्यवस्था, ट्राफिक, पेयजल की उचित व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा,नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव कुमार जैन, एसडीएम आनंद मालवीय, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आयुक्त ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

# बीमा रोड के सुधार हेतु काम शुरू नहीं होने पर ठेकेदार को नोटिस देने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आयुक्त दलीप कुमार ने नगर निगम से संबंधित समयावधि पत्रों, कलेक्टर कार्यालय से शिकायती समस्या संबंधी आवेदनों के प्रस्तुत प्रतिवेदनों की समीक्षा के संबंध में सोमवार को बैठक ली।बैठक में आयुक्त कुमार ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण करने के संबंध में निर्देश जारी किए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगर निगम मे स्थापित एचटी विद्युत संयोजनों मे सिवरेज, जल प्रदाय योजनाओं मे पावर फैक्टर लगाकर मेंटेंन करें ताकि सरचार्ज नही लगे। साथ ही ट्रेंचिंग मैदान पर श्वानों के डॉग हाउस के शेष रहे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे आयुक्त ने सड़क निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यो मे गारंटी पीरियड की जांच करें तथा जो कार्य अधुरे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। बीमा रोड के सुधार हेतु कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नही करने पर उपयंत्रियों को कार्य करवाने सख्त निर्देश जारी किए गए जिसमें ठेकेदार को सूचना पत्र जारी करने हेतु कहा गया। बैठक मे आयुक्त द्वारा कालोनी सेल एवं बिल्डिंग परमीशन की समीक्षा की गई जिसमें जिस व्यक्ति द्वारा नगर निगम में जो भवन निर्माण कार्य का नक्शा पारित कराया गया उसके अनुसार ही निर्माण कार्य कराया गया है अथवा नहीं की जांच भी क्षेत्रीय उपयंत्री करे तथा शासकीय भूमि एवं प्रस्तावित एमआर की भूमियों पर कोई निर्माण कार्य नही होने पाए इसका भी ध्यान उपयंत्री रखेगें। बैठक मे आयुक्त के द्वारा सीएम हेल्पलाइन मे दर्ज शिकायतों की समीक्षा मे समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी किये गये कि वे ग्रेडिंग वाली शिकायतों को प्रमुखता से निराकृत करें। लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आवास योजना विभाग अपनी शिकायतों के निराकरण 95 प्रतिशत तक करेगें। आयुक्त द्वारा सीएम मॉनिटरिंग मे दर्ज त्रुटीपूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत कर नामान्तरण कराने की शिकायत पर दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी कार्यवाही प्रस्तावित करें। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री स्व निधि योजनान्तर्गत स्वनिधि संकल्प अभियान की प्रति सोमवार समीक्षा की जाएगी। जिसमें प्रति सप्ताह कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा करने, नगरीय निकायों मे पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्रों को पोर्टल के डेश बोर्ड पर दर्ज करने के निर्देश ई नगर पालिका अधिकारी को निर्देश जारी किये गये। बैठक में मान. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 13 नवंबर के कार्यक्रम मे नगर निगम संबंधित कार्यो को समस्त विभागों को टीम वर्क के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलिया, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख, उपयंत्री पलक श्रीवास्तव, राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, प्रवीण पाठक, आनंद प्रजापत, विशाल जगताप एवं अन्य निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ निलंबित

**देवास।** भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह ने सहायक ग्रेड-3 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवाएं देवास के माजिद हुसैन (बीएलओ) तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-09 संकुल उ.मा.वि. नूतन नगर देवास की संगीता शाह (बीएलओ) को निलंबित किया है।

# सेन थॉम एकेडमी के प्रतिनिधियों ने दुबई में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय सहोदय सम्मेलन में लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड के प्रेसीडेंट सुनील थॉमस और डायरेक्टर हैंसी थॉमस ने पहले अंतरराष्ट्रीय एवं 31वें वार्षिक सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स सम्मेलन – 2025 में भाग लिया, जो दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित हुआ। सम्मेलन का विषय रूटेड इन विजडम, राइजिंग विद विज़नः रीइमैजिनिंग एजुकेशन थ्रू एनईपी 2020 अर्थात ज्ञान में निहित, दृष्टि के साथ अग्रसरः एनईपी 2020 के माध्यम से शिक्षा की पुनर्कल्पना" रहा।सीबीएसई का यह ऐतिहासिक आयोजन, जो एनईपी 2020 से प्रेरित है, भारत के शिक्षा समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि पहली बार यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुआ। दो दिवसीय इस सम्मेलन में शिक्षाविदों, नवाचारकर्ताओं और स्कूल नेताओं ने भाग लिया, जिन्होंने मिलकर शिक्षा के भविष्य को आकार देने पर चर्चा की।सीबीएसई के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप यह सम्मेलन एक सक्रिय मंच बना, जहाँ श्रेष्ठ शैक्षणिक प्रथाओं का आदान-प्रदान, भविष्य के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों की खोज और भारत की शाश्वत शैक्षणिक परंपराओं को वैश्विक आकांक्षाओं से जोड़ने के अवसर मिले। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सहभागितापूर्ण सत्रों और विचारोत्तेजक चर्चाओं के माध्यम से इस आयोजन ने वैश्विक भारतीय विद्यालय समुदाय की विविधता और एकता का उत्सव मनाया।सम्मेलन में समग्र विकास, आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मकता और वैश्विक नागरिकता पर विशेष बल दिया गया। सतीश कुमार सिवान, भारत के दुबई स्थित महावाणिज्यदूत, ने इस पहल की सराहना करते हुए गल्फ क्षेत्र में सीबीएसई स्कूलों की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित किया। धीरज साहू, अतिरिक्त सचिव डूसेल, ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारत के शिक्षा तंत्र को अधिक लचीला, समावेशी और भविष्य केंद्रित बना रही है, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी और शिक्षक को समग्र शिक्षा मिशन के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में सुधा मूर्ति, राज्यसभा सांसद तथा पद्मश्री और पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित लेखिका एवं समाजसेविका, ने मुख्य भाषण दिया।इस अवसर पर आईएस हिमांशु गुप्ता, सचिव, सीबीएसई, आईएएस राहुल सिंह, अध्यक्ष, सीबीएसई, डॉ. राम शंकर, निदेशक, सीबीएसई (आरओ एवं सीओई, दुबई, यूएई), डॉ. संयम भारद्वाज, कंट्रोलर ऑफ एग्ज़ामिनेशन, सीबीएसई, डॉ. बिस्वजीत साहा, प्रोफेसर एवं निदेशक (स्किल एजुकेशन), सीबीएसई तथा डॉ. (श्रीमती) प्रज्ञा एम. सिंह आदि रहे मौजूद।

## न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताहः मैराथन और विधिक जागरूकता प्रदर्शनी की आयोजित

# न्यायाधीश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर के अवसर पर देवास में न्यायिक जागरूकता को समर्पित ''न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह'' का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा जिले में दिनांक 9 से 14 नवंबर 2025 तक "न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह" मनाया जा रहा है। विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत न्यायिक जागरूकता के लिए सोमवार को विधिक सेवा मैराथन दौड़ का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन दौड़ में युवा, छात्र-छात्राएं, बच्चे, बुजुर्ग, न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेंटियर्स सहित 5 साल से 75 साल तक के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ जिला न्यायालय परिसर से सयाजी गेट, उज्जैन चैराहा, बस स्टैंड से होकर पुनः न्यायालय परिसर पहुंची। मैराथन के उपरांत प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र ने विजेताओं को प्राइज मनी, शील्ड एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। मैराथन के सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, कैप एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पुरूष वर्ग में राजू यादव प्रथम, बलराम यादव द्वितीय, गोविंद कुषवाह तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में तनु ग्वाटिया प्रथम, पिंकू यादव द्वितीय एवं खुषबू देवरे तृतीय स्थान पर रहीं।




### विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई

विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी व जन सामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधान जिला मिश्र ने सुलह गांठ खोलकर किया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि-विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर को मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में विधिक सेवा सप्ताह आयोजित किया जा रहा है ताकि जन-जन तक न्याय की पहुंच और विधिक सहायता की जानकारी पहुंच सके। पूरे सप्ताह के दौरान मैराथन रेस, विधिक सहायता योजनाओं की प्रदर्शनी, विधिक जागरूकता षिविर, निबंध प्रतियोगिता, ड्राईंग प्रतियोगिता, बाईक रैली आयोजित की जाएंगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदर्शनी में विधिक सेवा हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं जैसे- निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, मध्यस्थता, लोक अदालत, अपराध पीड़ति प्रतिकर योजनाओं, मौलिक कत्तव्य एवं निशुल्क विधिक सहायता हेतु हेल्पलाईन 15100, ऑनलाइन नालसा पोर्टल एवं नालसा विधिक सहायता एपलीकेशन से जुड़ी जानकारी पोस्टर एवं पंपलेट के माध्यम से दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नागरिक अब घर बैठे हेल्पलाईन 15100, ऑनलाइन नालसा पोर्टल एवं नालसा मोबाईल एप के माध्यम से भी विधिक सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में विकास शर्मा विशेष न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार डारवी द्वितीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी तृतीय अति. जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीलेन्द्र कुमार तिवारी व्यवहार न्यायाधीश, कुंवर युवराज सिंह व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, निकिता वाष्णेय पांडे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, प्रियांषु पांडे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, किरण सिंह व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सौरभ जैन व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, चंद्रा पंवार व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वॉलिंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसेल, विद्यार्थीगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम मंदिर समिति के सदस्यों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार को नेवरी फाटा स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति के सदस्य सैकड़ो की तादात में देवास पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद को ज्ञापन सौंप बीते 14 -15 सितंबर की दरमियान रात्रि खाटू श्याम मंदिर पर हुई चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई।नेवारी फाटे स्थित बाबा श्याम के मंदिर में बदमाश मंदिर के पीछे की दीवार को फांदकर दान पेटी का ताला तोड़ नगदी राशि चुराकर ले गए थे। जिसके बाद पिछले दिनों देवास पुलिस अधीक्षक द्वारा खुलासा कर आरोपी दिनेश प्रजापति, माखन सिंह दागी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वही एक अन्य फरार चल रहे आरोपी विशाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम खाईखेड़ा थाना अहमदपुर जिला सीहोर की तलाश जारी है। इन दो आरोपियों के पास से पुलिस ने 10139 रुपए जप्त किए थे जबकि आरोपी विशाल विश्वकर्मा अभी तक पुलिस गिरफ्त से दूर है जिसकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं मंदिर से चोरी हुए तीन से चार लाख रुपए की राशि अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। ज्ञापन में मांग की गई कि फरार चल रहे हैं आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हो और दान राशि इन अपराधियों से वसूल कर समिति को वापस दी जाए।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र जैन वीटू एड निर्वाचित

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ के त्रैवार्षिक चुनाव 2025- 28 प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में बीते 6 नवम्बर 2025 को सम्पन्न हुये। निर्वाचन में प्रदेश के 72 जिलों के कर अधिवक्ताओं ने हरिद्वार जाकर चुनाव में प्रतिभाग किया, जिसमें शैलेन्द्र जैन वीटू सर्वाधिक मत पाकर उपाध्यक्ष पद पर भारी मतों से विजयी घोषित किया गया। ललितपुर स्टेशन पंहुचने पर शैलेन्द्र जैन एड. का कर अधिवक्ता संघ के समस्त कर अधिवक्ताओं एवं ईष्टमित्रों ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्टेशन से लेकर विजय जुलूस श्री अभिन्नदोनय मंन्दिर एवं श्री तुवन मन्दिर पर दर्शन करने के उपरान्त निज निवास आजादपुरा पहुंचा, जहां शैलेन्द्र जैन वीटू के पिताजी कोमलचन्द्र जैन ने सभी लोगो का टीका लगाकर स्वागत किया। इस चुनाव विजय यात्रा में हरिद्वार में साथ गये कर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रुपनारायण विश्वकर्मा एड., रामेश्वर राय एड. अध्यक्ष झांसी, अजयचन्द्र श्रीवास्तव झांसी, पूर्व अध्यक्ष झांसी अभय कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष ललितपुर एवं दिवाकर शर्मा, कोषाध्यक्ष नितिन श्रीवास्तव, मुकेश साहू, पवन राठौर, गजेन्द्र नायक, प्रहलाद राठौर, प्रदीप झां, रजत दीक्षित, रमाकान्त साहू, संजीव निरंजन, जितेन्द्र राठौर, नरेन्द्र राठौर, दीपक सैन, बृजेश सैन, अंकित जैन आदि अधिवक्ताओं ने चुनाव में प्रतिभाग किया।

### बाबा साहब की मूर्ति स्थापना की स्वीकृति दिलाने की मांग

**ललितपुर**। विकास खंड जखौरा के ग्राम ककरुआ के ग्रामीणों ने अंबेडकर पार्क की संरक्षित भूमि में बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का लोकार्पण करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को पूर्ण करवाने का प्रार्थना पत्र दिया। बहुप्रतीक्षित अंबेडकर पार्क की भूमि को संरक्षित हुए कई वर्ष बीतने के बाद ग्रामीणों ने आराजी संख्या 582/10 रकवा 0.202 हेक्टेयर में मूर्ति स्थापित करने के लिए जन सहयोग से मूर्ति मंगवा ली है। ग्रामीणों ने इस संबंध में 30 अक्टूबर 2025 जिलाधिकारी को एवं 1 नवम्बर 2025 को समाधान दिवस में कई ग्रामीणों के साथ प्रार्थना पत्र शपथ पत्र दिए थे। ग्रामीणों ने सभी नियमों का पालन करते हुए मूर्ति स्थापित करने की मांग की है। आज बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सदर विधायक के समक्ष उपस्थित होकर प्रशासनिक सहयोग करने और बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस के पूर्व मूर्ति स्थापना की स्वीकृति दिलाए जाने की मांग की। सदर विधायक ने सभी कागजों नकल खतौनी आदि का अवलोकन कर जिलाधिकारी से स्थलीय निरीक्षण कर अनुमति प्रदान करने की संस्तुति की। मांग करने वालों में ग्राम प्रधान पप्पू अहिरवार, विजय सिंह राजपूत, जमुना प्रसाद, मूलचंद, प्यारेलाल, राजाराम, रामसिंह, करन सिंह, कोमल, अमरसिंह, कुंजी सहित कई ग्रामीण थे।

### दिव्यांगों के सर्टिफिकेट मेडिकल कॉलेज में बनेंगे

**ललितपुर**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा इम्तियाज अहमद ने बताया कि जिलाधिकारी जी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिव्यागंता परीक्षण करते हुये दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाते हैं। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने कि प्रक्रिया के लिए पर आवेदन किया जा सकता है। इसके उपरांत आवेदन कर्ता को किसी भी कार्य दिवस में जिला चिकित्सालय सम्बद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में जा कर चिकित्सकीय परीक्षण कराना होता है। तद्उपरांत आनलाइन आवेदन दिव्यांगता रिपोर्ट एवं आधार कार्ड के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जमा करना होता है जिसके उपरांत दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन निर्गत कर दिया जाता है। जिन दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र ऑनलाइन नहीं है, वे स्वावलंबन वेबसाइट पर आनलाइन प्रक्रिया के तहत यूडीआईडी कार्ड बनवा सकते है।

## मां अहिल्याबाई इंटर कॉलेज के पीछे रहने वाले सैकड़ों परिवार परेशान

# नाली और सड़क निर्माण के लिए डीएम व नपाध्यक्ष को भेजा ज्ञापन





### मार्ग ऊबड़-खाबड़ हो जाने के कारण पैदल निकलना भी दूभर हो रहा

यहां अधिकांश प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण हैं और अधिकांश लोग नगर पालिका को गृहकर भी अदा कर रहे हैं। यहां तक पहुंच मार्ग बहुत ही ऊबड़-खाबड़ हो जाने के कारण पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है। बताया कि वर्तमान समय में रास्ता खराब है, लेकिन बारिश के मौसम में यह और भी खराब हो जाता है। यहां पानी की निकासी न होने के कारण आज भी नालियों का गन्दा पानी कच्ची सड़कों पर भरा हुआ है, जिससे भारी-भरकम गड्ढे हैं, जिससे पैदल निकलना भी दूभर है। मोहल्लेवासियों ने मौके पर जल्द ही सड़क व नाली निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जितेन्द्र कुमार, अंशुल, रचना देवी, प्रदीप राजपूत, कलावती, पवन, मानू, अभय, वैदान, दीपक कुमार, आकाश, अजय सिंह, प्रतिज्ञा, आशाराम, अजय सिंह, अमित, शंकरलाल, जसवंत सिंह, मुन्नालाल, श्रीराम, सुरेश, रामबाबू मिश्रा, अजय, थोवन, गुडडी पाल, सुनीता, अनिल कुमार, जगदीश, महीप सिंह, सोनल, शंकरलाल, पवन कुमार, पर्वत, सुरेन्द्र विश्वकर्मा के अलावा अनेकों मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर के वार्ड संख्या 8 मोहल्ला जुगपुरा में आवागमन के लिए सुगम मार्ग न होने और बोर्ड बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में सड़क निर्माण का प्रस्ताव पास होने के बावजूद भी सड़क निर्माण न होने से लोगों को आवागमन के लिए भारी मुसीबतें उठानी पड़ रहीं हैं। इस सम्बन्ध में मोहल्ला जुगपुरा में रहने वाले करीब एक सैकड़ा परिवारों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व नपाध्यक्ष सोनाली जैन को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मोहल्लेवासियों ने आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीसी रोड, नालियां और हालिया तौर पर मौरंग डलवाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में जुगपुरा के लोगों ने डीएम व नपाध्यक्ष को अवगत कराया है कि अगस्त माह में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद की सम्पन्न हुयी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव संख्या 1145 में 26 लाख 34 हजार रुपये की सड़क मोहल्ला जुगपुरा में का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव के उपरान्त कार्यवाही नहीं हो सकी। इसके बाद नगर पालिका के उप चुनाव की अधिसूचना जारी हो गयी थी। लेकिन चुनाव सम्पन्न होने के बाद आज तक यहां निर्माण कार्य नहीं किया गया है। बताया कि मां अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज के पीछे करीब एक सैकड़ा से अधिक परिवार निवासरत हैं।

## समस्याओं के निस्तारण की पहल

# कल से नपाध्यक्ष वार्डों में सुनेंगी लोगों की समस्याएं

**ललितपुर**। शहर को साफ-स्वच्छ-सुन्दर, लाइटिंग व्यवस्था, गडढा मुक्त एवं शहर में अन्य विकास कराये जाने हेतु अध्यक्ष सोनाली जैन ने शहर के विभिन्न वार्डों में ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा संबंधित पार्षद एवं नगर पालिका की टीम के साथ पहुंचकर वार्डवासियों की समस्याओं एवं उनके सुझाव अनुसार कार्य किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें शहर के समस्त वार्डों का निरीक्षण चार चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में शहर के सात वार्डों का निरीक्षण रोस्टर के अनुसार सुबह 8 से किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण में 12 से 19 नवम्बर तक वार्ड नंबर 1, 3, 8, 15, 4, 12 व 17 शामिल है।

रोस्टर के अनुसार 12 नवम्बर 2025 को वार्ड नं. 1 मोहल्ला सिद्धनपुरा, 13 नवम्बर 2025 को वार्ड नं. 03 मोहल्ला नेहरू नगर, 14 नवम्बर 2025 को 8 मोहल्ला जुगपुरा, 15 नवम्बर 2025 को वार्ड नं0-15 मोहल्ला गांधीनगर प्रथम, 17 नवम्बर 2025 को वार्ड नं.-4 मोहल्ला गांधीनगर द्वितीय, 18 नवम्बर 2025 को वार्ड नं.-12 मोहल्ला आजादपुरा तृतीय व 19 नवम्बर 2025 को वार्ड नं.-17 मोहल्ला सिविल लाइन द्वितीय शामिल है। अध्यक्ष ने टीम में कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक/कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार जैन, जेई खुशबू खान, जेई निधि पाण्डेय, एसआई जितेन्द्र स्परूप तिवारी, प्रभारी एसआई/मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपरवाइजर, गैरिज प्रभारी सहित संबंधित स्वास्थ्य नायक तैनात किये गये है जो ईओ की मौजूदगी में मोहल्लेवासियों की समस्याओं का निस्तारण करायेगें।

### पिपरिया पाली प्रधान पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। मोहल्ला चौकाबाग निवासी अरविन्द जैन पुत्र राजकुमार जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि माखन सिंह पटेल पुत्र ताहर सिंह ने बीती 28 अक्टूबर को उसके कार्यालय आकर उसके साथ लात-घूसों से मारपीट करते हुये अवैध धन की मांग की। आरोप है कि पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी गयी। घायल अरविन्द के द्वारा आवेदन देने पर मेडीकल हुआ। माखन सिंह पिपरिया पाली का प्रधान होने के चलते अपने प्रभाव का उपयोग करते हुये फर्जी तरीके से रिपोर्ट बनाकर उसे कोई फ्रैक्चर नहीं बताया गया, जबकि उसका दायां पैर गंभीर रूप से फ्रैक्चर है और उसका ऑपरेशन भी एक निजी अस्पताल में हुआ और दो प्लेटे डली हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दबंगों पर लगाए गए गंभीर आरोप

# किसानों ने डीएम को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम भैलोनीसूवा में अज्ञात निजी कम्पनी को सोलर प्लांट लगवाने के नाम पर गांव के दबंग लोगों द्वारा किसानों से जबरन सहमति पत्र लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने मुख्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजते हुये प्रकरण की जांच कर कार्रवाई किये जाने की गुहार लगायी है। भैलोनीसूवा निवासी किसानों ने बताया कि उनकी जमीनों को मनमाने दामों पर गांव के दबंग लोगों द्वारा सहमति पत्र पर जबरन हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। आरोप है कि पारौन मौजा से सटी हुयी करीब 400 एकड़ जमीन पर दबंगों की नजर है, जिसमें किसी निजी कम्पनी जिसका नाम, पता किसानों को नहीं बताया जा रहा है के लिए दबंगों द्वारा जानमाल का भय दिखाकर जबरन ही सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि सोलर प्लांट स्थापित करने के नाम पर दबंगों द्वारा किये जा रहे इस कार्य से कई ग्रामीण व किसान सहमत नहीं है, जो किसान अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं, उनसे जबरन हस्ताक्षर कराये जा रहे हैं। किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि कृषि भूमि किसी भी कम्पनी को देने के लिए यहां के किसान तैयार नहीं हैं। यदि किसानों की जमीन सोलर प्लाण्ट या किसी निजी कम्पनी को जबरन गांव के दबंगों द्वारा दिलाने के लिए सहमति करायी जाती है तो यहां के किसान उग्र आंदोलन या आत्मघाती कदम उठाने को विवश होंगे। किसानों ने बताया कि गांव के दबंग व्यक्ति दलालों से मिलकर किसानों की बेशकीमती जमीनों को जबरन लेने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करा रहे हैं। ऐसी स्थिति में किसानों ने जिलाधिकारी से उक्त सहमति पत्रों को निरस्त कराये जाने और सोलर प्लांट या निजी कम्पनी को दबंगों द्वारा दिलायी जा रहीं जमीनों को वापस किसानों को कराये जाने की गुहार लगायी है। ज्ञापन देते समय वीरसिंह लोधी, रामचरन, साकूलाल वंशकार, सुरेश बाल्मीकि, बाबा वंशकार, गोकुल, बहादुर सिंह, समुद्राबाई, निर्भय, वीरदयाल कुशवाहा, प्रभन, गोपीलाल, देवेन्द्र, अद्रत लोधी, सुरेन्द्र लोधी, नन्दू कुशवाहा, महेन्द्र लोधी, पंचम सिंह, हद्दू कुशवाहा, नाथूराम कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, रामस्वरूप आदि मौजूद रहे।

## अधिशासी अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन जारी

# अधीनस्थों ने आरोप लगाकर की स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सिंचाई निर्माण खंड द्वितीय में तैनात अधिशासी अभियंता (द्वैत कार्यभार) छत्रपति सिंह के खिलाफ मनमानी, शिकायत वापस लेने, धमकाने और अवैध धन की मांग करते हुये अभद्रता कर गालियां देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुये उप्र सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ व उप्र सिंचाई विभाग सहायक अभियन्ता संघ के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन लगातार जारी है।

प्रदर्शन कर रहे अधीनस्थों ने बताया कि 3 \जुलाई 2023 को अधिशासी अभियंता के खिलाफ शिकायत की गयी थी, जिसे वापस लेने के लिए अब धमकाते हुये दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा अवैध धन की मांग, गाली-गलौज व अभद्रता की जा रही है। ऐसी दूषित कार्यप्रणाली के विरोध में बीती 7 नवम्बर से लगातार प्रदर्शन जारी है। इस सम्बन्ध में बीती 27 अक्टूबर 2025 को मुख्य अभियन्ता (परियोजना-बेतवा) झांसी एवं अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई निर्माण मंडल झांसी के समक्ष साक्ष्यों सहित लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से प्रदर्शन किया जा रहा है। अधीनस्थ कर्मियों ने अधिशासी अभियंता के द्वैत कार्यभार को तत्काल समाप्त किये जाने अन्यथा अधीनस्थों को तत्काल अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग उठायी गयी है। इस दौरान इंजी सुरेन्द्र अहिरवार, रीतेश बंसल, मुराद खान, पंकज सिंघल, विपिन कुमार, दिलाशाद हुसैन, रमाकांत वर्मा, पूजा कुमारी,रेशमा अहिरवार, रौली याज्ञनिक, कालका प्रसाद, बृजेश सिंह, विनोद कुमार, विकास दी, विजय सिंह, राजेन्द्र बाबू, इंजी. देवकुमार, अरूण कुमार, ओमप्रकाश, पंकज सेन, शैलेन्द्र सिंह के अलावा अन्य इंजीनियर्स मौजूद रहे।

## पनारी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# अभियान चलाकर विद्यार्थियों को किया जागरुक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने ग्राम पनारी स्थित एक कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। जागरूकता अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य छात्र-छात्राओं को हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग, गलत दिशा में वाहन न चलाना, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाना, सड़क पर स्टंटबाजी न करना, राहवीर योजना, हिट एण्ड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा रही आर्थिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रबंधक, प्राचार्य मौजूद रहे। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 183 वाहनों का चालान किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें।

### टैक्सी चालक से की मारपीट

**ललितपुर**। महरौनी के ग्राम छायन निवासी सुम्मेर सिंह पुत्र स्व.वीरसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह टैक्सी चलाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि बीती 8 नवम्बर की शाम करीब 4 बजे वह ग्राम कुम्हैड़ी तिराहा पर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी कुम्हैड़ी निवासी नरेन्द्र पुत्र आशाराम अपनी टैक्सी लेकर आया और बोला कि वह कुम्हैड़ी की सवारियां लेने क्यों खड़े हो। पीड़ित ने बताया कि नरेन्द्र ने उसे धमकाया कि उसकी दबंगई के चलते यहां कोई टैक्सी नहीं चल सकती। पीड़ित जब इसका विरोध किया तो नरेन्द्र ने उसके साथ मारपीट कर दी और टैक्सी भी तोड़ दी।

## दो समाजों को बांटा था चबूतरा

# चबूतरे पर कब्जा करने निर्माण का आरोप



**ललितपुर**। थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम कचनौंदा कलां के ग्रामीणों ने लामबंद होकर ग्राम सभा की आराजी पर सहरिया समाज की जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इसे रोके जाने की मांग उठायी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में बताया कि 12 वर्ष पहले ग्राम पंचायत की आराजी को ग्रामसभा की खुली बैठक में ग्रामसभा की आराजी लगभग 45 डिस्मिल को 1/2 भाग में बांट कर सहरिया समाज व अहिरवार समाज में आवंटित की गयी थी, जिस पर अपने हिस्से पर अहिरवार समाज की आराजी खाली पड़ी थी, जिसका उपयोग वह सामूहिक कार्यों के लिए करते थे। बताया कि 9 नवम्बर को सुबह 9 बजे उक्त कुछ लोग खाली जमीन पर तार फेंसिंग कर चबूतरा निर्माण करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये धमकाया दिया और जमीन पर अवैध कब्जा करने की धमकी दी है। बताया कि मामले की सूचना चौकी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस के मौके से जाते ही उक्त लोगों ने फिर से काम कर लिया। पत्र देते समय प्रमोद, दीपक सहरिया, नरेश, अमर सहरिया, भागीरथ के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## रोजगार का एक और अवसर

# राजकीय औद्योगिक तालबेहट में रोजगार मेला 15 को

**ललितपुर**। 15 नवंबर को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर । जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालबेहट, जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 15 नवम्बर, 2025 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 2-आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 3-इन्सटा ह्यूमन्स मैनेजमेंट प्रालि में क्वालिटी इंजीनियर व हेल्पर पद हेतु 300 रिक्तियां 4-एसआईएस प्रालि, नीमच मप्र में सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु 100 रिक्तियां 5-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियॉ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं आईटीआई में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल (तवरहंतेंदहंउण्नचण्हवअण्पद) पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियॉं रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमांड नही की जाती है।

## आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज का ससंघ ललितपुर से पदविहार

# श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा, गोशाला में हुई अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज ससंघ का ललितपुर नगर से चातुर्मास के उपरान्त दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र गोशाला मसौरा के लिए विहार हुआ। पदविहार करते हुए सैकडों की संख्या में श्रद्धालुजनों ने मुनि संघ का विहार कराया। आज मध्यान्ह में आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने संघस्थ मुनि शिवदत्त सागर महाराज, मुनि सुदत्त सागर महाराज, मुनि भूदत्त सागर महाराज, मुनि पदमदत्त सागर महाराज, मुनि गुरूदत्त सागर महाराज, मुनि मेघदत्त सागर महाराज, मुनि वृषभ दत्त सागर महाराज, क्षुल्लक चन्ददत्त सागर महाराज एवं श्रीदत्त सागर महाराज ने जैन अटामंदिर से पदविहार किया। मुनि संघ सावरकर चौक मवेशी बाजार से हाईवे मार्ग होते हुए दयोदय पशु संरक्षण केन्द्र गौशाला मसौरा की ओर विहार किया। स्थान स्थान पर श्रद्धालुजनों ने पाद प्रक्षालन कर मुनि संघ की आरती उतारी और भक्तिपूर्वक महिलाए मंगलगान करते हुए चल रही थी। गौशाला पहुंचने पर आचार्य श्री ससंघ की अगवानी प्रतिभास्थली की बालिकाओं ने बड़े ही श्रद्धा भक्ति के साथ की।

### आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर सानिध्यता हेतु आग्रह किया

इसके पूर्व में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने ललितपुर नगर के श्रावकों में धार्मिक भावना और धर्म के प्रति लगाव को आदर्श बताते हुए कहा इसी तरह से सतत ज्ञानार्जन के लिए जिज्ञासु रहें तभी कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके पूर्व धर्मसभा में समाज के श्रेष्ठीजनों एवं निकटवर्ती जैन समाज के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर सानिध्यता हेतु आग्रह किया। आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में हुए चातुर्मास को प्रेरणादायी बताते हुए महामंत्री आकाश जैन ने कहा उन्होंने जो धर्म से जुडने का मार्ग बताया निश्चय ही आत्म कल्याण के लिए सार्थक होगा। उन्होने समाज की मंगल भावना रखते हुए शीतकालीन वाचना हेतु आग्रह किया। विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ महाराज एवं योगी दिलीप नाथ सहित संगठन के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर ललितपुर में प्रस्तावित विश्वहिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में सानिध्यता के लिए आर्शीवाद ग्रहण किया इस मौके पर दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा महंत मुकेश नाथ महाराज का सम्मान किया गया। जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत खजुरिया, मंदिर प्रबंधक मनोज जैन बबीना अजय जैन, आनंद जैन, अमित सरार्फ मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, अखिलेश गदयाना, अनिल जैन अंचल, राजेन्द्र जैन थनवारा, अरविन्द जैन आप्टीशियन, विनोद कामरा, भगवानदास जैन कैलगुवा, अरविन्द जैन कुम्हैण्डी, धन्यकुमार जैन, मनोज जैन मीडिया, शादीलाल जैन एड, चंचल पहलवान,पवन जैन शिवाजी, अनिल जैन डोगरा,अजय जैन साइकिल, वीरेन्द्र जैन सोनू अतिरिक्त डा नीलम सराफ, उमा सैदपुर, अंजली सराफ आदि मौजूद रहे।

रोजाना गिर रहा जिले का न्यूनतम तापमान, 7 डिग्री दर्ज किया पारा

# नवंबर में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली सर्दी, जलने लगे अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



प्रदेश के मध्य क्षेत्र सहित राजगढ़ जिले में बर्फीली हवाओं का असर लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। आलम यह है कि नवंबर की शुरूआत में ही जिले का न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री तक लुढ़क चुका है वहीं रात के साथ-साथ दिन में भी शीत लहर चल रही है। बीते चार दिनों से सीवियर कोल्ड जैसे हालातों के चलते गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकल रहे हैं।

इसके साथ ही लोगों ने विभिन्न चैक-चैराहों पर अलाव जलाना भी शुरू कर दिया है। लगातार गिर रहे तापमान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 5 नवंबर को जिले का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री दर्ज किया था वो लगातार लुढ़कते हुए 7 डिग्री नीचे आ चुका है।

### ठंड से बचाव के लिए इन बातों का रखे विशेष ध्यान

लगातार चल रही शीतलहर एवं ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सलाह दी है कि इस मौसम में अनावश्यक यात्राओं से बचा जाए। इसके साथ ही जितना संभव हो सके घरों में ही रहें एवं बाहर निकलने पर पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनें। चिकित्सकों ने विटामिन सी से युक्त फल एवं सब्जियों का सेवन करने की सलाह भी दी है ताकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती रहे।

### बीते 5 दिनों में जिले का न्यूनतम तापमान

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 09 नवंबर | 7.0 |
| 08 नवंबर | 7.4 |
| 07 नवंबर | 9.6 |
| 06 नवंबर | 11.0 |
| 05 नवंबर | 16.2 |

## घरेलू गैस उपभोक्ताओं को ही केवाईसी करवाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन

पेट्रोलियम मंत्रालय और तेल कंपनियों की ओर से मिले निर्देशानुसार माहेश्वरी इंडियन गैस एजेंसी तलेन की ओर से घरेलू उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी बायोमैट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य किया गया है। पर अभी तक अधिकांश उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी सत्यापन नहीं कराया। सभी वितरकों को जल्द से जल्द उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ई केवाईसी नहीं होने के कारण आपका गैस कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। ई-केवाईसी की प्रक्रिया करीब 8 महीने से चल रही है।गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी कराने की गुजारिश कर रही हैं। साथ ही मोबाइल पर ई-केवाईसी कराने के मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। इसके बावजूद उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। केवाईसी कराने के लिए उपभोक्ताओं को माहेश्वरी इंडेन गैस तलेन पर अपना आधार कार्ड , गैस की डायरी और मोबाइल लेकर जाना होगा। वहां बायोमैट्रिक के जरिए ई-केवाईसी हो जाएगी।घरेलू गैस सिलेंडर (एलपीजी) के उपभोक्ताओं के लिए ई-केवायसी करवाना अनिवार्य कर दिया है।इसके बाद भी उपभोक्ता इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते पेट्रोलियम कंपनियां सख्ती बरतने की तैयारी कर रही है। जो उपभोक्ता ई-केवायसी नहीं करवा रहे हैं। उन्हें सिलेंडर मिलना मुश्किल हो जाएगा। वे अपने सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग नहीं करा पाएंगे।

जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेन्स समिति की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

## मेडिकलों पर प्रतिबंधित ड्रग मिले तो तत्काल लाइसेंस रद्द करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेश समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों की सूचना का आदान-प्रदान करना अफीम, भांग, गांजे की तस्करी पर सतत नजर बनाए रखे। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास नशे से जुड़ी सामग्री का विक्रय न हो। कलेक्टर ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर नियमित रूप से लगातार जिले के मेडीकल स्टोर्स का सतत निरीक्षण करें। सभी मेडीकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किए जाएं एवं थाने की टीम के साथ मेडीकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाइयां की जांच की जाए। अगर मेडीकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां मिल रही है तो संबंधित स्टोर का लायसेंस तत्काल निलंबित कर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

### *पुलिस अधीक्षक ने भी दिए अहम निर्देश*

*बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने निर्देशित किया कि अस्पताल में जो भी स्नेचिंग आते हैं, उनकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी थाना प्रभारी अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने मेडले पार्क व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों पर भी वन-टू-वन चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।*

## चाकू से हमला करने वाले 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में फरार अपराधियों कि धर पकड़ के चलते हुए विषेश अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बाजरे एवं एसडीओपी डी. वी. एस. नागर ,थाना प्रभारी रवि ठाकुर के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी सफलता मिली पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार घटना दिनाक 9 दिसंबर 024 की घटना पोलाखेडा निवासी हरिओम सौध्या ट्रैक्टर की किस्त कलेक्शन हेतु सिरपोई कॉलोनी से जा रहे थे तब दिनेश दांगी एवं दो अन्य साथियों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। प्राथमिक उपचार के दौरान हरि ओम सौध्या की मृत्यु हो गई थी।

मृतक की मृत्यु एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में धारा 103, 311, 409(4)309(6), 126 118(1), 209 ठछै 25ध्27 आर्मस्केए एक्ट एवं मोटर वाहन अधिनियम की धारा जोड़ी गई आरोपी दिनेश दांगी एवं रामदयाल वर्मा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जा चुका था जबकि सुनील दांगी फरार चल रहा था। पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी सुनिल दांगी को प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ गंभीर अपराध का प्रकरण दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं पुलिस कस्टडी मे लाऐ एवं न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसमें विशेष योगदान थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर उप निरीक्षक संतोष सिंह जितेंद्र अजनारे शशांक यादव अनिल राहुरिया राहुल रघुवंशी आरक्षक विष्णु जाट रवि जाट शादाब खान शशांक यादव का विशेष योगदान रहा।

स्पीड का कहर, इंदौर से जा रही थी मथुरा घायलों का 112 ने पहुंचाया अस्पताल

## कार ने खाईं पल्टियां, एक की मौत, 3 गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नेशनल हाइवे नं 52 पर हाई स्पीड कार ने कई बार पल्टियां खाई जिसमें कार में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और बांकी लोग गंभीर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात 12 बजे के आसपास की है जब भोपाल बायपास चैराहे पर स्थित ओवर ब्रिज के नीचे इंदौर से मथुरा जा रही कार बेकाबू होमर पलट गई। जिसमें एक की मौत हो गई और बांकी लोग गंभीर घायल हो गए।

## विधिक सेवा समिति ने जागरुकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025के अन्तर्गत विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। न्यायालय परिसर से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार के नेतृत्व में रैली निकाली जो खिलचीपुर नाका , स्वामी विवेकानंद चैराहा ,इंदर चैराहा होते हुए आवास कॉलोनी स्टेडियम परिसर पहुंची जहां पर विधिक सेवा के उद्देश्य एवं न्याय क्षेत्र की जानकारी दी।

इस दौरान बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम बतायें रैली में अधिकारी कर्मचारी बाल विवाह नहीं करने, यातायात के नियमों का पालन करने, आदि प्रकार कि हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे।

रैली में प्रमुख रूप से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार, न्यायधीश भूपेन्द्र कुशवाहा, तहसीलदार आरपी सिंह गौड, सीएमओ हरीओम शर्मा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर,लेखापाल देवनारायण दांगी, कमल भावसार, राहुल दांगी, राजेंद्र भाटी, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी, जगदीश चौहान पटवारी, बीएस पवांर, कालुसिंह चौहान, धर्मेन्द्र लव तिवारी, नायब नाजीर बृजमोहन भाटी, चंदरसिंह भाटी, गजराज खींची, शोभना व्यास , सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, हेड कांस्टेबल ममता दांगी, प्रधान आरक्षक देवीसिंह दांगी पुलिस विभाग, नगर परिषद के कर्मचारी शामिल हुए।

डीईओ की गठित समिति करेगी विभिन्न पहलुओं की जांच

## छात्र को परीक्षा से वंचित रखने के मामले में जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




विगत दिनों ब्यावरा स्थित सीएम राईज स्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत एक छात्र को शाला प्राचार्य सज्जन सिंह यादव ने राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा देने से वंचित रख दिया था। संबंधित छात्र के साथ बरती गई इस लापरवाही के बाद जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी जब प्राचार्य से बात करने पहुंचे तो उनके साथ भी प्राचार्य ने अभद्र व्यवहार किया था। प्राचार्य द्वारा बरती गई इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशन में जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच के लिए 03 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। गठित दल में शामिल ब्लॉक शिक्षाधिकारी ब्यावरा, बीआरसी ब्यावरा एवं कन्या स्कूल प्राचार्य विद्यालय का भ्रमण कर छात्र, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य संबंधित पक्षों के कथन लेकर एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर अपना जांच प्रतिवेदन डीईओ को प्रस्तुत करेंगे। पूरे मामले को लेकर वायरल हुए वीडिया में दृष्टिगत सभी पक्षों को जांच में सहयोग करने एवं कथन प्रस्तुत करने के निर्देश डीईओ ने प्रदान किए हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार संबंधितों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

बात करने पहुंचे अभाविप कार्यकर्ताओं से की अभद्रता

## 11वीं के छात्र रवि को परीक्षा से वंचित रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



शहर के सीएम राइज स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थी को राजनीति विज्ञान विषय की परिक्षा से वंचित रखा अगले दिन परीक्षा देने से रोका गया, बात करने पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ताओ से कहा ये हमारी व्यवस्था है मुझे किसी से मतलब नहीं जिससे शिकायत करनी कर दो।

अभाविप कार्यकर्ताओं को सीएम राइज स्कूल प्राचार्य सज्जनसिंह यादव ने मंत्री इंदरसिंह परमार का नाम लेकर धमकियां दी कहा इंदरसिंह परमार के साथ काम किया है जिससे शिकायत करना है करिए ये हमारी व्यवस्था है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शासन से मांग है सोमवार तक प्राचार्य पर कार्यवाही नही की तो करेंगे विरोध प्रदर्शन। वहीं जब प्राचार्य एसएस यादव से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने अधिकारी का फोन आने की बात कहकर फोन काट दिया।

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर




नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र वा नगर में चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत टी आई पूजा परिहार वा उनकी टीम ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार किया । 28 अक्टूबर को फरियादी सीताराम दांगी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमे 27 अक्टूबर को बैंक ऑफ इंडिया शाखा जीरापुर से 20 हजार रुपये निकाल कर अपने गांव रामगढ़ पहुंचा जहां पर करीब 4 बजे गांव में स्थित मोहन गुप्ता की दुकान पर रुका अपनी थैली जिसमे 20 हजार रूपये नगद पास बुक वा चेकबुक रखी थी दुकान के बाहर बाल्टी पर रख दी कुछ देर बाद देखा, तो थैली वह नहीं थी अज्ञात व्यक्ति ले उड़ा था फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचन शुरू की जिसमें सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर विश्लेषण एवं आस पास के लोगों से पूछताछ की गई। लगातार प्रयास वा मुखबिर की सूचना के आधार पर 8 नवंबर को टी आई पूजा परिहार नेतृत्व में जैकी सिंह पिता नंदनसिंह उम्र 23 वर्ष ग्राम गुलखेड़ी थाना बोडा को गिरफ्तार कर लिया और आरोपी से कुल मशरूका 13400 राशि बरामद कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में सहा. उप निरीक्षक समीर खान , प्रा. आरक्षक प्रदीप सोलंकी, आरक्षक पप्पू दांगी, वा रविन्द्र जाट की सराहनीय भूमिका रही ।

## माखन लाल वर्मा बने अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के अध्यक्ष लीलाधर देतलिया द्वारा राजगढ़ जिले के माखनलाल वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है उनकी नियुक्ति पर राजगढ़ जिला के समस्त सामाजिक बंधुओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई दी एवं माखनलाल वर्मा सर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। माखनलाल वर्मा सर विगत दो कार्यकाल से खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त है। श्रीवर्मा प्रत्येक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। श्रीवर्मा की खाती समाज में लोकप्रियता बहुत ही प्रेरणादाई है वर्मा जी 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती सामान के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश राज जिला अध्यक्ष अरविंद पटेल बाला प्रसाद चंद्रवंशी जगदीश वर्मा रमेश वर्मा सीताराम मात्सब कैलाश दूध वाले कैलाश चंद्रवंशी रामबाबू अरविंद चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मंडलोई, कैलाश सागवालिया पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश वकील अध्यक्ष कुरावर राधेश्याम संगवालिया रामसहाय जामलिया राजेश पटेल मोहन डाला महेंद्र चंद्रवंशी मुकेश चंद्रवंशी रमेश सरपंच रोहित आदि समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृत्रिम गर्भाधान के लिए नवीन तकनीकें बताईं

## पशुपालन विभाग का रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला राजगढ़ के निर्देशन में रविवार को पशुपालन विभाग सारंगपुर द्वारा श्री कपिलेश्वर गोशाला, सारंगपुर में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं के लिए 5 दिवसीय कृत्रिम गर्भाधान रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ । इस प्रशिक्षण में सारंगपुर क्षेत्र के 18 मैत्री गौसेवक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विशेषज्ञों डॉ अमित शाक्य पशु चिकित्सा अधिकारी विकासखंड सारंगपुर द्वारा प्रतिभागियों को कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया, पशुओं की नस्ल सुधार, पोषण प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक तकनीकी विधियों की जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रेम किशोर खींची सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान डॉ अमित शाक्या एवं विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण स्तर पर पशुधन विकास, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। गौरतलब है कि पशुपालन विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबी बनने का अवसर मिल सके। इस दौरान महंत श्री पवनदास महाराज कपिलेश्वर गोशाला, ओमप्रकाश राठी, एडवोकेट पी एस मंडलोई कपिलेश्वर गोशाला के सहयोग से उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ आचार्य सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को शिशु मंदिर के तीन आचार्यों नागेश जोशी, प्रकाश तिवारी एवं प्रमोद शर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भावना वर्मा रहीं।समारोह में प्रांतीय सदस्य ओमप्रकाश राठी, विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट एवं सचिव अशोक साहू सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का परिचय कराया।इस दौरान मुख्य अतिथि भावना वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जब शब्दों से अधिक भावनाएँ मुखर होती हैं। शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, वे कभी सेवानिवृत्त नहीं होते।"समारोह में तीनों आचार्यों को अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित आचार्यों ने भी अपने दीर्घ शिक्षण अनुभवों एवं विद्यालय से जुड़े संस्मरणों को साझा किया।

इस अवसर पर आनंद व्यास, सुशील व्यास, गजेंद्र सिंह अमोदिया, मोनिका शर्मा, पूजा गहलोत सहित कई वक्ताओं ने अपने अनुभव व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनिल बारकिया, उपाध्यक्ष ए. आर. पाटीदार, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, दिलीप परमार, हुकुमचंद सोनी, जुगल किशोर दुबे, धर्मेंद्र वर्मा, शिवचरण पुष्पद, कैलाशचंद्र वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-दीदी उपस्थित रहे। संचालन हरीश सोलंकी ने किया।